Haryana 26 May.qxd 05/25/2026 8:58 PM Page 3





नरवाना : ग्रुमिंग प्रोग्राम के दौरान डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के स्टाफ सदस्य व अन्य।

## डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल नरवाना में स्टाफ सदस्यों हेतु ग्रुमिंग प्रोग्राम आयोजित

नरवाना, 25 मई (विकास जेठी) स्थानीय डी.ए.वी. शताब्दी पब्लिक स्कूल नरवाना में स्टाफ सदस्यों के प्रशिक्षण एवं उनके व्यावसायिक विकास के उद्देश्य से एक सप्ताह के स्टाफ ग्रुमिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत लर्निंग, क्रिएटिविटी एवं प्रोफेशनल ग्रोथ से संबंधित विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त आर्य समाज सेवा, कंप्यूटर ट्रेनिंग एवं डायरी मैनेजमेंट जैसे विषयों को भी मुख्य रूप से शामिल किया

विद्यालय के प्राचार्य गजेंद्र कुमार शर्मा ने सभी स्टाफ सदस्यों एवं प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों के व्यक्तित्व विकास एवं कार्यकुशलता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं अतिथि के रूप में वैदिक आचार्य मोहनलाल, आचार्य अमित तथा सुशील कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता मोहनलाल ने आर्य समाज के सिद्धांतों एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला।

वहीं आचार्य अमित ने वैदिक भजनों के माध्यम से अपनी सुंदर प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ साथ सुशील कुमार गुप्ता ने एक कहानी के माध्यम वेदों और संस्कृति से जुड़ने के बारे में बताया । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य गजेंद्र कुमार शर्मा ने आचार्य मोहनलाल , अमित एवं सुशील कुमार गुप्ता को अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनका हृदय से आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करने का आग्रह किया।

## स्कूलों में आज से ग्रीष्मकालीन अवकाश, लेकिन आंगनबाड़ी के नौनिहालों के लिए नहीं आए कोई आदेश

### अभिभावकों और वर्करों ने उठाई मांग

रतिया, 25 मई (राजेंद्र मित्तल): प्रदेश सरकार की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए 25 मई से 30 जून तक सभी सरकारी और निजी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिए गए हैं, लेकिन आंगनबाड़ी केंद्रों और आंगनबाड़ी कम प्ले स्कूलों के लिए अब तक कोई आदेश जारी नहीं होने से छोटे बच्चों और आंगनबाड़ी कर्मचारियों की परेशानी बढ़ गई है। आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों की उम्र स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों से काफी कम होती है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें तेज गर्मी में केंद्रों तक पहुंचना पड़ रहा है। हालत यह है कि जिले के अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। कहीं स्वच्छ व ठंडे पेयजल की व्यवस्था नहीं है तो कई केंद्रों में बिजली की सुविधा न होने से पंखे तक नहीं चल पा रहे। ऐसे में तपती दोपहर के दौरान नौनिहाल गर्मी से बेहाल नजर आ रहे हैं।



रतिया : बैठक करते हुए आंगनवाड़ी वर्कर यूनियन की सदस्य। (छाया : राजेंद्र मित्तल)

**भीषण गर्मी के कारण घट रही बच्चों की संख्या :** आंगनबाड़ी वर्कर यूनियन की प्रधान मोनिका का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से तापमान लगातार बढ़ने के कारण केंद्रों में आने वाले बच्चों की संख्या कम होती जा रही है छोटे बच्चे गर्मी की वजह से बीमार पड़ रहे हैं, जिसके चलते अभिभावक भी उन्हें केंद्रों में भेजने से कतरा रहे हैं। प्रधान के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 8.45 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक खुले रहते हैं। दोपहर के समय गर्म हवाओं और उमस के बीच बच्चों को संभालना भी चुनौती बन रहा है।

**1 जून से मिलती हैं छुट्टियां, पहले अवकाश की उठी मांग :** जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में हर वर्ष 1 जून से 20 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहता है। इस दौरान बच्चों को पूर्ण अवकाश दिया जाता है, जबकि आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्पर को 10-10 दिन की छुट्टियां मिलती हैं। अब अभिभावकों का कहना है कि जब सरकार ने स्कूलों की छुट्टियां पांच दिन पहले घोषित कर दी हैं तो आंगनबाड़ी केंद्रों में भी तत्काल अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि छोटे बच्चों पर गर्मी का प्रभाव ज्यादा पड़ता है, इसलिए उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**वर्कर व हैल्पर भी कर रहे छुट्टियों की मांग :** आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्पर भी सरकार से जल्द ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी के बीच पूरे दिन ड्यूटी करना बेहद मुश्किल हो रहा है। वर्करों ने कहा कि वे भी इंसान हैं और लगातार बढ़ती गर्मी में छोटे बच्चों के साथ काम करना चुनौतीपूर्ण बनता जा रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि बच्चों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जल्द छुट्टियों संबंधी आदेश जारी किए जाएं।

## अवैध शराब सहित महिला काबू

रतिया, 25 मई (राजेंद्र मित्तल): थाना शहर रतिया पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांव कवलगढ़ निवासी गुरमेल कौर उर्फ गोलो पत्नी अमर सिंह को 30 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हरे रंग की प्लास्टिक केनी में रखी अवैध शराब बरामद की है। नियमानुसार कार्रवाई के बाद आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया। थाना शहर रतिया प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं अपराध जांच के दौरान गांव कवलगढ़ बस अड्डे के पास मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गुरमेल कौर उर्फ गोलो अपने घर के पास अवैध शराब बेचने की फिराक में खड़ी है। सूचना को विश्वसनीय मानते हुए पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी। उन्होंने बताया कि मौके पर एक महिला हरे रंग की प्लास्टिक केनी के साथ खड़ी दिखाई दी, जो पुलिस पार्टी को देखकर घबरा गई और केनी उठाकर घर की ओर जाने लगी। महिला पुलिस कर्मचारी की सहायता से उसे काबू कर पूछताछ की गई। पूछताछ में महिला ने अपनी पहचान गुरमेल कौर उर्फ गोलो निवासी गांव कवलगढ़ के रूप में बताई। केनी की तलाशी लेने पर उसमें से 30 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में थाना शहर रतिया में अभियोग संख्या 129 दिनांक 24.05.2026, धारा 61/4/20 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।



रतिया : अध्यापक-अभिभावक बैठक का दृश्य। (छाया : राजेंद्र मित्तल)

## मदर इंडिया कॉन्वेंट स्कूल में अध्यापक-अभिभावक बैठक आयोजित

रतिया, 25 मई (राजेंद्र मित्तल): मदर इंडिया कॉन्वेंट स्कूल रतिया में आज शैक्षणिक सत्र 2026-27 की पहली अध्यापक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के लगभग सभी अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अध्यापकों के साथ विद्यार्थियों की शिक्षा, अनुशासन, परीक्षा परिणाम, नैतिक मूल्यों एवं सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों एवं शिक्षकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए संयुक्त प्रयास करना रहा। विद्यालय प्रबंधक बसंत लाल बत्रा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में अभिभावकों एवं शिक्षकों की समान भूमिका होती है। विद्यालय प्राचार्य लोकेश खुराना ने अपने संबोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना विद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों की रुचियों एवं क्षमताओं को समझते हुए उन्हें सकारात्मक वातावरण देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों को अत्यधिक गर्मी में बाहर जाने से बचाएं, पर्याप्त मात्रा में पानी एवं पौष्टिक आहार दें तथा मोबाइल फोन और टीवी का सीमित उपयोग करवाएं। उन्होंने बच्चों को छुट्टियों के दौरान प्रतिदिन कुछ समय पढ़ाई, योग, खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों में लगाने के लिए भी प्रेरित किया ताकि उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास निरंतर बना रहे। उप-प्राचार्या साक्षी बत्रा ने भी अभिभावकों को बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर नजर रखने तथा विद्यालय के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने का संदेश दिया।



रतिया : जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता। (छाया : राजेंद्र मित्तल)

## इम्पलाइज़ कॉलोनी में एलपीजी सेफ्टी कैम्प लगाया

रतिया, 25 मई (राजेंद्र मित्तल): श्री राम भारत गैस एजेंसी की तरफ से इंप्लाइज कॉलोनी में एलपीजी सेफ्टी कैंप लगाया गया जिसमें गैस उपभोक्ताओं को गैस संबंधित जानकारियां दी गई। एलपीजी सेफ्टी कैंप में बताया गया कि यदि गैस की गंध आए तो प्रेशर रेगुलेटर नोज को ऑफ की स्थिति में घुमाकर बंद कर देना चाहिए यदि गैस की गंध आए तो सभी खिड़कियां व दरवाजे खोल देने चाहिए यदि गैस की गंध आए तो टॉर्च एवं इलेक्ट्रिक स्विच ऑन ऑफ ना करें यदि गैस की गंध आए तो किचन में सभी तरह के आग अगरबत्ती पूजा आदि का दिया बुझा देना चाहिए स्टील वायर से बनी कम से कम 5 साल चलने वाली सुरक्षा होज का हमेशा प्रयोग करना चाहिए उपरोक्त जानकारी को सुनकर सभी गैस उपभोक्ताओं ने राम भारत गैस एजेंसी के संचालक चौधरी नितिन कसवां व सभी कर्मचारियों का धन्यवाद किया इस मौके पर चौधरी नितिन कसवां ने बताया कि अभी शहर में यह दूसरा एलपीजी सेफ्टी कैंप है उन्होंने आगे बताया कि इस तरह के कैंप गांव में भी लगाए जाएंगे ताकि गैस उपभोक्ताओं को गैस संबंधित सभी जानकारियां दी जा सके।

## अवैध शराब सहित आरोपी काबू

रतिया, 25 मई (राजेंद्र मित्तल): थाना सदर रतिया पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांव नागपुर निवासी भोला सिंह पुत्र भूरा सिंह को 13 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देसी शराब मार्का माल्टा मस्ती बरामद की है। नियमानुसार कार्रवाई के बाद आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस टीम गांव नागपुर बस अड्डे के पास गश्त एवं अपराध जांच के दौरान मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि भोला सिंह अपने घर के मुख्य द्वार के पास अवैध शराब बेचने की फिराक में बैठा है। सूचना को विश्वसनीय मानते हुए पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी। उन्होंने बताया कि मौके पर एक व्यक्ति प्लास्टिक कट्टे के साथ बैठा दिखाई दिया, जो पुलिस पार्टी को देखकर कट्टा उठाकर घर के अंदर जाने लगा। शक के आधार पर उसे काबू कर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपनी पहचान गांव नागपुर निवासी भोला सिंह पुत्र भूरा सिंह के रूप में बताई।




रतिया : जानकारी देते हुए शाखा के सदस्य। (छाया : राजेंद्र मित्तल)

## भाविप शाखा रतिया को फिर मिली भारत को जानो प्रतियोगिता की ज़िम्मेदारी

रतिया, 25 मई (राजेंद्र मित्तल): भाविप के हरियाणा पश्चिम प्रांत की सभी शाखा की एक प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन वीर शाखा हिसार द्वारा ओम ग्लोबल यूनिवर्सिटी हिसार मे किया गया। इस मे क्षेत्रीय, उत्तर 2, प्रांतीय एवं शाखा दायित्वधारी पहुंचे। दोपहर बाद जैसे ही शाखा को प्रांतीय स्तर के कार्यक्रम शाखा को देने का समय आया तो पहले से ही मन बनाए बैठे शाखा रतिया के दायित्वधारीयों ने क्षेत्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों को अपनी इच्छा व्यक्त कर रखी थी इसी लिए चार साल बाद इस बार भी प्रांतीय भारत को जानो प्रतियोगिता शाखा रतिया को मिली जिस से शाखा रतिया के सदस्यों मे बहुत उत्साह का माहौल है अब यह प्रांतीय स्तर की भारत को जानी प्रतियोगिता शाखा रतिया के अंतर्गत अक्टूबर के आस पास आयोजित की जाएगी । यह जानकारी देते हुए शाखा रतिया के गतिविधि संयोजक संस्कार ने पहले क्षेत्रीय श्री के के अरोड़ा, प्रांतीय संस्कार हुकम चंद गोयल एवं संगठन सचिव रविंदर मेहता का धन्यवाद किया जिन्होंने रतिया शाखा को इस प्रतियोगिता को करवाने का अवसर दिया और सभी शाखा को अपनी टीम भेजने का आग्रह किया।

## जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित

नरवाना, 25 मई (विकास जेठी): जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा में अभिभावक-शिक्षक बैठक का सफल एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। बैठक में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, व्यवहार एवं विद्यालयीय गतिविधियों के बारे में शिक्षकों से विस्तारपूर्वक चर्चा की।



नरवाना : जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा में बैठक के दौरान अभिभावक-शिक्षक।

विद्यालय परिसर में आयोजित इस बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। बैठक के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों की पढ़ाई, नियमितता, परीक्षा परिणाम तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी अभिभावकों के साथ साझा की। साथ ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। अभिभावकों ने विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के प्रति शिक्षकों की मेहनत की सराहना की। विद्यालय प्रशासन द्वारा बच्चों के नैतिक, बौद्धिक एवं सामाजिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी प्रशंसा की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता मोर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय और अभिभावक एक ही रथ के दो पहिए हैं। जब दोनों मिलकर बच्चों का मार्गदर्शन करते हैं, तभी विद्यार्थी जीवन में सफलता की ऊँचाइयों को प्राप्त करते हैं। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अभिभावकों का सहयोग और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। हमारा विद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने सभी अभिभावकों का विद्यालय में उपस्थित होकर सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार विद्यालय के साथ जुड़े रहने का आग्रह किया। बैठक का वातावरण अत्यंत सकारात्मक एवं प्रेरणादायक रहा। अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित होने से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को नई दिशा मिलने की उम्मीद व्यक्त की गई।

## सभी अधिकारी लंबित मामलों और समस्याओं का अध्ययन ब्यौरा समाधान शिविर में लेकर आएं : एसडीएम



नरवाना : एसडीएम जगदीश चन्द्र समाधान शिविर में लोगों की समस्या सुनते हुए।

नरवाना, 25 मई (विकास जेठी): आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासन को जनता के और अधिक निकट लाने के उद्देश्य से सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता एसडीएम जगदीश चंद्र ने की। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने मौके पर ही लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका समाधान सुनिश्चित किया। एसडीएम जगदीश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों और उपमंडलों में नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। इसी क्रम में नरवाना में भी प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक यह शिविर निरंतर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाते हुए जनता को त्वरित राहत प्रदान करना है। सोमवार को आयोजित शिविर में कुल नौ शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा समाधान कर दिया गया। एसडीएम ने बताया कि यह पहल न केवल समस्याओं के त्वरित समाधान का माध्यम बन रही है, बल्कि इससे लोगों का प्रशासन पर विश्वास भी मजबूत हो रहा है।

उन्होंने कहा कि अधिकारी जनहित के मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें और हर शिकायत को गंभीरता से लें। इस अवसर पर तहसीलदार विजय कुमार, बीडीपीओ उझाना कार्यालय से ग्राम सचिव सतपाल, जन स्वास्थ्य विभाग से एसडीओ कुलदीप सिंह, नगर परिषद के सचिव संदीप, ब्लॉक फॉरेस्ट ऑफिसर अश्वनी कुमार, सिंचाई विभाग के जेई विक्रम, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से रीटा, सीडीपीओ कार्यालय से सुपरवाइजर ऋतु, लोक निर्माण विभाग के जेई प्रदीप शर्मा, बिजली विभाग के जेई अजय खर्ब, क्रीड विभाग से सुरेश नैन तथा ज्योति लिपिक सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



छबील पर नींबू पानी पिलाते सेवादार।

## छबील लगाकर बुझाई राहगीरों की प्यास

बड़ागुढ़ा/रोड़ी, 25 मई (लक्ष्मीकांत): स्थानीय कस्बा रोड़ी में दुकानदारों व ग्रामीणों द्वारा गर्मी के प्रचंड प्रकोप को देखते हुए रोड़ी कालांवाली रोड पर सबके सहयोग से महंत रिपेयरिंग वर्क्स पर राहगीरों के लिए नींबू पानी व शरबत की छबील लगाई गई। सभी बस, कार, मोटरसाइकिल, साइकिल व पैदल राहगीरों को रोककर नींबू पानी व ठंडे जल से तृप्त करवाया। महंत विंदर दास व प्रीतम सिंह राठौड़ ने बताया कि गर्मी का प्रकोप दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। भीष्ण गर्मी से हर कोई परेशान है। उन्होंने कहा कि ज्येष्ठ माह का नौतपा शुरू हो गया है, जिसका मतलब नौ दिन भीष्म गर्मी पड़ेगी और गर्मी में प्यासे को पानी मिल जाए, इससे बड़ी कोई सेवा नहीं हो सकती। दुकानदारों और ग्रामीणों की ओर से समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन किए जाते हैं, ताकि गर्मी से लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि इसके अलावा भी दुकानदारों व ग्रामीणों की ओर से समाजसेवा के अनेक कार्य समय-समय पर किए जाते रहेंगे, ताकि जरूरतमंद व असहाय लोगों की मदद की जा सके। इस मौके पर महंत विंदर दास, मक्खन सिंह, गणेश सिंह, सुखविंदर सिंह, महेंद्र सिंह, पृथी सिंह, मानक सिंह सहित सेवादारों ने सेवा की।

## युवाओं ने पक्षियों के लिए लगाए सकोरे

कालांवाली, 25 मई (बिल्लू यादव): आज से शुरू हो रहे नोतपा को देखते हुए व क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच युवाओं ने मानवता और पर्यावरण संरक्षण का सराहनीय उदाहरण पेश करते हुए बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए विभिन्न स्थानों पर पानी से भरे सकोरे लगाए। युवाओं की इस पहल की क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है। मोहन महेश्वरी के नेतृत्व में युवाओं की टीम द्वारा प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव बाड़ी सहित अन्य कई स्थानों पर मिट्टी के सकोरे रखे गए, जिनमें नियमित रूप से स्वच्छ पानी भरने की व्यवस्था की गई है।

गर्मी के मौसम में लगातार बढ़ते तापमान के कारण इंसानों के साथ-साथ पक्षियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल स्रोत सूखने और पेड़ों की कमी के चलते पक्षियों को पानी ढूंढने में कठिनाई हो रही है। इसे देखते हुए युवाओं ने सार्वजनिक स्थानों, पार्कों तथा पेड़ों के नीचे सकोरे लगाकर पक्षियों के लिए राहत का प्रयास किया।



मोहन महेश्वरी पेड़ पर सकोरा बांधते हुए। साथ हैं अन्य युवा। (छाया : बिल्लू यादव)

युवाओं ने कहा कि भीषण गर्मी में छोटी-सी पहल भी बेजुबान पक्षियों के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकती है। उन्होंने आमजन से भी अपने घरों की छत, आंगन या आसपास सुरक्षित स्थानों पर पानी के बर्तन रखने की अपील की। स्थानीय नागरिकों ने युवाओं के इस सामाजिक कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के समय में पर्यावरण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता बेहद जरूरी है। इस प्रकार की पहल समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ लोगों को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर विनोद जांगड़ा, अमित यादव, विराट कुमार, राजू सिंह और राजेश महेश्वरी सहित अन्य युवा भी मौजूद रहे। युवाओं ने बताया कि आने वाले दिनों में भी यह अभियान जारी रहेगा तथा अधिक से अधिक लोगों को पक्षियों की सेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## आईटीआई छात्र पर दिन-दहाड़े हमला, 15-20 युवकों ने लाठी-डंडों से पीटा

### पुरानी रंजिश में वारदात का आरोप, गंभीर हालत में अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रैफर

टोहाना, 25 मई (गुरपाल सिंह नैन): शहर के रेलवे रोड पर सोमवार सुबह एक आईटीआई छात्र पर 15-20 युवकों द्वारा लाठी-डंडों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायल की पहचान तिलक नगर निवासी 20 वर्षीय शिंपू के रूप में हुई है, जो आईटीआई में मशीनिस्ट ट्रेड के दूसरे वर्ष का छात्र है। शिंपू ने बताया कि वह रोजाना की तरह सोमवार सुबह आईटीआई जा रहा था। जब वह रेलवे रोड स्थित गुरुद्वारा के पास पहुंचा, तभी पीछे से आए 15-20 युवकों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में उसके सिर समेत शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं।



टोहाना के नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन घायल आईटीआई छात्र शिंपू के बारे में जानकारी लेते पुलिसकर्मी व परिजन।

घटना के दौरान मौके पर मौजूद राहगीरों ने बीच-बचाव कर किसी तरह शिंपू को आरोपियों के चंगुल से छुड़वाया। इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने घायल छात्र को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही परिजन, दोस्त और पुलिस टीम भी अस्पताल पहुंच गई।

शिंपू ने हमले के पीछे पुरानी रंजिश बताई है। उसके अनुसार, कुछ दिन पहले कुछ युवक आईटीआई में एक छात्र को जबरन उठाने आए थे। उस समय उसने बीच-बचाव कर छात्र को बचाया था। इसी बात को लेकर आरोपी उससे रंजिश रखने लगे थे और सोमवार को मौका पाकर उस पर हमला कर दिया।

मामले की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ रोड चौकी प्रभारी ओमप्रकाश जांगड़ा पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और घायल छात्र के बयान दर्ज किए। पुलिस का कहना है कि छात्र द्वारा बताए गए युवकों की पहचान की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

## हैरोइन तस्करी मामले में मुख्य सप्लायर काबू

रतिया, 25 मई (राजेंद्र मित्तल): थाना सदर रतिया पुलिस ने हेरोइन तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए ब्राह्मणवाला निवासी नख्तर सिंह उर्फ सोनी पुत्र मिथू को मामले के मुख्य सप्लायर के रूप में काबू किया है। आरोपी


> **न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेजा गया, मामले में दो आरोपी पहले ही किए जा चुके हैं काबू**

को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इससे पहले इसी मामले में दो आरोपियों को 22.30 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया जा चुका है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल फतेहाबाद की टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब निवासी गुरविंद्र सिंह उर्फ गुरी तथा नारायण उर्फ विक्की हेरोइन सप्लाई करने के लिए रतिया क्षेत्र में आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रतिया-बुढलाडा रोड स्थित ब्राह्मणवाला चौकी के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की।

उन्होंने बताया कि पुलिस नाकाबंदी देखकर स्विफ्ट डिजायर कार चालक ने वाहन को वापस मोड़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए कार में सवार दोनों युवकों को काबू कर लिया। नियमानुसार तलाशी के दौरान आरोपी गुरविंद्र सिंह उर्फ गुरी के कब्जे से 22.30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में थाना सदर रतिया में अभियोग संख्या 109 दिनांक 13.05.2026, धारा 21बी/61/85 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान ब्राह्मणवाला निवासी नख्तर सिंह उर्फ सोनी का नाम मुख्य सप्लायर के रूप में सामने आने पर उसे काबू किया गया। पुलिस द्वारा मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## सौरव गर्ग व्यापारी को एक बार फिर मिली धमकी

नरवाना, 25 मई (विकास जेठी): धौला कुआं पुराना बाजार में प्रताप मल फकीरचंद करियाने की दुकान के मालिक सौरभ गर्ग को एक बार पुन: तीन नौजवान नवयुवकों ने आज सुबह धमकी दी।



सौरभ गर्ग

सौरभ गर्ग के शोर मचाने पर तीनों नौजवान युवक भाग खड़े हुए। प्रशासन को सूचना दी गई मौके पर डीएसपी कमलदीप राणा शहर थाना प्रभारी पूर्ण चंद दल बल के साथ मौके पर पहुंचे व आरोपी नौजवान युवकों की धर पकड़ के लिए टीम गठित की। गौरतलब है कि पिछले साल भी सौरव गर्ग पर जानलेवा हमला हुआ था तथा गोली लगने से यह युवक घायल हो गया था। उसे घटना में आरोपी जेल में बंद है तथा आगामी 4 जून को आरोपियों की पेशी है उसी को लेकर समझौते के लिए दबाव बनाया जा रहा था। आज सुबह के वक्त तीन नौजवान दुकान पर आते हैं और एक युवक सौरव गर्ग को धमकाते हुए और बार-बार कमर के पीछे हाथ हिलाता हुआ नजर आया। जिसमें सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई तस्वीरों से पता लगता है कि आरोपी शायद कोई हथियार कमर के पीछे लिए हुए था। फिलहाल नरवाना डीएसपी कमलदीप राणा, शहर थाना प्रभारी पूर्ण चंद मौके पर दलबल के साथ पहुंच गए थे और उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## ग्राम पंचायत ने ढाणी निवासियों की सुविधा के लिए पाइपलाइन डालने का कार्य शुरू करवाया

रतिया, 25 मई (राजेंद्र मित्तल): रतिया उपमंडल के गांव रत्ताखेड़ा में ग्रामीण क्षेत्र में मौजूद ढाणियों के निवासियों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए आज ग्राम पंचायत द्वारा पाइपलाइन डालने का कार्य शुरू किया गया। कार्य का शुभारंभ गांव के सरपंच अरविंद सिहाग ने किया इस अवसर पर रोहतास सतपाल सुरेंद्र राम सिंह महावीर मनोज सुखदेव सिंह रेशम सिंह गोपाल सिंह व अन्य मौजूद थे। पाईप लाइन के शुभारंभ का कार्य करवाते हुए सरपंच अरविंद सिहाग ने कहा कि गांव वासियों द्वारा उन्हें ज्ञापन दिया गया था कि कुछ ढाणियों में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है जिसको देखते हुए ग्राम पंचायत द्वारा पीने के पानी के लिए ढाणियों में पाइप लाइन डलवाई जा रही है जिससे आगामी दिनों में ढाणी के लोगों को पीने का पानी पीने के लिए किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी । लोगों ने पाईप लाईन डालने के लिए ग्राम पंचायत का आभार भी प्रकट किया।



रतिया ग्राम पंचायत द्वारा पाइपलाइन डालने का कार्य शुरू करवाते हुए ग्राम सरपंच अरविंद सिहाग। (छाया : राजेंद्र मित्तल)